**मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट के बृजघाट , जिला हापुड़, उत्तर प्रदेश स्थित प्लाट बिक्री हेतु निविदा आमंत्रण सूचना**

मनीष गोविल मैमोरियल ट्रस्ट द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ स्थित बृजघाट में 0.4412 हेक्टेयर (लगभग 5,276.71 वर्ग गज) भूमि खंड की बिक्री हेतु सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

**<u>प्लाट विवरण</u>**

यह भूमि दो भूखण्डों से मिलकर बनी है:

1. **0.1892 हेक्टेयर** (2262.81 वर्ग गज, खसरा संख्या 1589, खाता संख्या 469 व 00042) — बृजघाट नगर सीमा के अंतर्गत, तहसील गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़।
2. **0.252 हेक्टेयर** ( 3013.89 वर्ग गज, खसरा संख्या 1586, खाता संख्या 547) — ग्राम आलमगीरपुर, परगना व तहसील गढ़मुक्तेश्वर, जिला हापुड़, जो नगर सीमा के बाहर स्थित है परंतु क्रम संख्या (1) के 0.1892 हेक्टेयर से पूरी तरह से मिला हुआ है।
3. उपरोक्त दोनों प्लॉटों को मिलाकर प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 5,276.70 वर्ग गज है।

यद्यपि यह दोनों भूखंड कानूनी रूप से अलग हैं, परंतु भूमि संलग्न होने के कारण भौतिक रूप से एक ही प्लाट है। भूखंड संख्या (1) चारों ओर से 34.5 सेंटीमीटर चौडी व 6 फीट ऊँची ईंटों की दीवार से घिरा है और भूमि स्तर प्राकृतिक भूमि स्तर से मिटटी भरकर 6 फ़ीट ऊंचा कर दिया गया है। प्लॉट के पास नगर निकासी (सीवर) की सुविधा उपलब्ध है।

---

**संपत्ति की प्रमुख विशेषताएं**

- **कुल क्षेत्रफल:** 5,276.70 वर्ग गज
- **प्लाट की लगभग दूरी :**
  - दिल्ली से 120 किमी (NH-24 पर दिल्ली और मुरादाबाद के बीच)
  - NH-24 से 1.8 किमी
  - रेलवे स्टेशन से 3 किमी
  - बृजघाट-पलवाड़ा 40 मीटर चौड़ी सड़क से 100 मीटर
  - गंगा नदी के किनारे से 400 मीटर
- **पहुंच मार्ग:** प्लाट के लिए दो पहुँच मार्ग हैं नंबर (1) मुख्य सड़क, बृजघाट-पलवाड़ा रोड से प्लाट के सामने सीधी 100 मीटर की सड़क। नंबर (2) गौशाला के पास से प्लाट के पिछले हिस्से से प्रवेश मार्ग ।
- **परिवेश:** आस-पास मकान, आश्रम, दुकानों का विकास, विद्यालय, बाजार, धर्मशाला, धार्मिक स्थल तथा मनोरंजन व भ्रमण पार्क।

---

**जोनिंग एवं भूमि उपयोग**

- **जोनिंग:**
    - 2,262.81 वर्ग गज बृजघाट नगर सीमा में।
    - 3,013.89 वर्ग गज नगर सीमा के बाहर, परंतु 2,262.81 वर्ग गज भूमि से सटी हुई
- **स्वीकृत उपयोग (सरकारी अनुमति प्राप्त करने पर):**
    - आवासीय, फार्म हाउस, विला, व्यवसायिक प्रतिष्ठान, विद्यालय, अस्पताल, आश्रम, धर्मशाला, होटल, गोदाम आदि।

---

**चित्र व विवरण**

फोटो, माप व अन्य विवरण ट्रस्ट की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:
🌐 www.mgmtonline.org

---

**आरक्षित मूल्य**

इस क्षेत्र में नगर पालिका की सीमा में भूखंडों का वर्तमान सर्किल रेट रुपये 8800.00 (रूपये आठ हजार आठ सौ) प्रति वर्ग मीटर तथा नगर पालिका की सीमा के बाहर रुपये 8000.00 (रूपये आठ हजार) प्रति वर्ग मीटर है।

---

**कानूनी व स्वामित्व विवरण**

- स्पष्ट, विवाद रहित शीर्षक और मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट के वैध कब्जे वाली संपत्ति।

**पात्र निविदादाता:** कोई भी भारतीय नागरिक, संस्थान, ट्रस्ट, संस्था, सोसाइटी, कंपनी या संगठन इत्यादि जो दिवालिया घोषित न हुए हों।

- **भुगतान की शर्तें**

    1. निविदा स्वीकृत होने पर विक्रय अनुबन्ध के समय निविदा मूल्य की 20 % राशि देय होगी।

    2. शेष 80% राशि प्लॉट की रजिस्ट्री के समय अदा की जाएगी, जो निविदा स्वीकार होने की तिथि से तीन माह से अधिक नहीं होनी चाहिए।

- **प्लॉट मानचित्र**

    टोटल स्टेशन द्वारा सर्वेक्षण एवं तैयार किया गया प्लॉट मानचित्र इसके साथ संलग्न है।

- **आवश्यक दस्तावेज़:**
    पैन, आधार, पता प्रमाण, व्यवसाय पहचान/गैर-लाभकारी संस्था का पंजीकरण प्रमाण व वित्तीय क्षमता का प्रमाण।

---

**निविदा प्रक्रिया**

- **अरनेस्ट धनराशि (EMD): ₹15,000 (पंद्रह हजार रूपये)**
  ("मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट" के पक्ष में मेरठ में देय डिमांड ड्राफ्ट/ नकद द्वारा जमा)

- **निविदा प्रपत्र प्राप्त करने का पता:**

  **मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट**
  आभा मानव मंदिर परिसर, पंचवटी कॉलोनी,
  कसेरू बक्सर, मवाना रोड, मेरठ -250001, उत्तर प्रदेश

  अथवा info@mgmtonline.org पर ईमेल भेजकर भी प्राप्त कर सकते है।

---

**निविदादाता अपनी निविदा निम्न पते पर नियत प्रारूप में जमा करा सकते हैं या दी गई ईमेल आईडी पर भेज सकते है।**

**संपर्क और निविदा प्रपत्र जमा करने का पता**

**मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट**

आभा मानव मंदिर परिसर, पंचवटी कॉलोनी,

कसेरू बक्सर, मवाना रोड, मेरठ -250001, उत्तर प्रदेश

📞 फोन: +91 70172 12065

📧 ईमेल: info@mgmtonline.org

👤 संपर्क व्यक्ति: श्री एस.सी. गोविल, मैनेजिंग ट्रस्टी

📱 फोन: +91 70172 52325

---

**अन्य शर्तें : निविदा प्रस्ताव केवल मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराए गए निविदा प्रारूप ( क्रम संख्या 10 के अनुसार) में ही प्रस्तुत किया जा सकता है और निविदा इस प्रकार होनी चाहिए:**

1. निविदा बिना शर्त होनी चाहिए और आमंत्रण की शर्तों के अनुरूप होनी चाहिए।
2. संपत्ति का पूर्ण निरिक्षण - निविदादाता निविदा प्रस्तुत करने से पहले संपत्ति का अच्छी तरह से निरीक्षण कर उसकी भौतिक स्थिति को समझ लें।
3. पारदर्शिता : मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट प्रक्रिया में पारदर्शिता के लिए खुला है, और खरीदार को संपत्ति और विक्रेता के क्रेडेंशियलश की पूरी तरह से जाँच करनी चाहिए। सभी मूल दस्तावेज़ ट्रस्ट कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे। निविदादाता आने से तीन दिन पहले अपॉइंटमेंट ले ले।
4. यदि निविदादाता किसी परामर्शदाता या वकील के माध्यम से संपत्ति के दस्तावेजों का निरीक्षण करवाना चाहता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि सभी दस्तावेज सही हैं, तो वे निरीक्षण से कम से कम तीन दिन पहले अपॉइंटमेंट ले सकते हैं।
5. पंजीकरण एवं स्टाम्प शुल्क का समस्त व्यय सफल निविदादाता द्वारा वहन किया जाएगा।
6. सफल निविदादाता को निविदा स्वीकार होने के तीन महीने के भीतर भूमि को अपने नाम पर पंजीकृत कराना होगा।

7. प्लाट के सौदे का पूर्ण एवं अंतिम भुगतान होने के बाद भौतिक कब्जा दिया जाएगा।
8. ट्रस्ट किसी भी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने या किसी भी या सभी निविदादाताओं के साथ अंतिम मूल्य से सम्बंधित बातचीत करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। मनीष गोविल मेमोरियल ट्रस्ट के न्यासी मंडल का निर्णय अंतिम होगा।
9. निविदा बोली प्रक्रिया परिसंपत्ति निपटान समिति (एसेट्स डिस्पोजल कमेटी) की देखरेख में आयोजित की जाएगी।
10. उपर्युक्त प्लॉट खरीदने के लिए दरें और राशि उद्धृत करने हेतु तालिका निम्नवत है -

| निविदादाता का नाम और पता (Name & Address of the Bidder) | प्लॉट का क्षेत्रफल वर्ग गज में (Plot area in Sq. Yard) | प्रति वर्ग मीटर उद्धृत दरें (Rates Quoted per Sq. meter) | प्लॉट की लागत के रूप में उद्धृत कुल राशि (Total amount quoted as the cost of the plot) | कुल राशि शब्दों में (Total amount in words) | कुल राशि को शब्दों में दोहराएं (Repeat the total amount in words) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

मैं/हम ..........................................................................................(निविदादाता का नाम और पता)
एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने/हमने दस्तावेजों और प्लॉट की साइट का भौतिक निरीक्षण किया है, और मैं/हम दस्तावेजों और प्लॉट की भौतिक लोकेशन से संतुष्ट हूँ/हैं।

हस्ताक्षर एवं मुहर (निविदादाता के)

दिनांक :

समय :

# निविदा जमा करने का प्रारूप

| निविदादाता का नाम और पता (Name & Address of the Bidder) | प्लॉट का क्षेत्रफल वर्ग गज में (Plot area in Sq. Yard) | प्रति वर्ग मीटर उद्धृत दरें (Rates Quoted per Sq. meter) | प्लॉट की लागत के रूप में उद्धृत कुल राशि (Total amount quoted as the cost of the plot) | कुल राशि शब्दों में (Total amount in words) | कुल राशि को शब्दों में दोहराएं (Repeat the total amount in words) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |